卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 83 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦30 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## अयोध्या में मोदी के रोड शो में उमड़े लोग

### अयोध्यावासियों को दी 16 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात

अयोध्या (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रामनगरी में करीब 16 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात दी। उन्होंने यहां नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट और पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन समेत अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही दो अमृत भारत और छह नई वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा अयोध्या में चार नव पुनर्विकसित, चौड़ी और सौन्दर्यीकृत सड़कें – रामपथ, भक्तिपथ, धर्मपथ और श्री राम जन्मभूमि पथ का उद्घाटन भी किया। इससे पहले पीएम मोदी ने अयोध्या में रोड शो निकाला। रोड शो के दौरान सड़कों पर लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। जय श्री राम के उदघोषों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कड़ी सुरक्षा के बीच अयोध्या नगरी पहुंचे। यहां पहुंचने पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और (शेष पृष्ठ सात पर)





## गदरपुर में पकड़ी अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री

गदरपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 11 अवैध असलहे, जिंदा कारतूस और अवैध हथियार बनाने में प्रयुक्त होने वाला सामान



बरामद किया है। मामले में दो लोग फरार हैं उनकी पुलिस तलाश कर रही है। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने खुलासा करते हुए बताया कि अवैध असलाह बनाने और रखने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस को दिये गये (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा मंडल अध्यक्ष पर दुष्कर्म का केस दर्ज

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का है आरोप,पुलिस जांच में जुटी

टनकपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री की विधानसभा चम्पावत जिले के मंच( तल्ला देश)भाजपा मंडल अध्यक्ष पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगा है। मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक चम्पावत के मंच तल्लादेश मंडल अध्यक्ष और सल्ली गांव के बीडीसी सदस्य कमल रावत पर यहीं की रहने वाली नाबालिग ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में नाबालिग के परिजनों ने बताया कि आरोपी ने नाबालिग को बहला फुसलाकर उसका शारीरिक शोषण किया। आरोपी लगातार डरा धमकाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करता आ रहा है। आरोपी ने नाबालिग को मामला सार्वजनिक करने या किसी अन्य को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। लेकिन नाबालिग ने अपने परिजनों को पूरी सच्चाई बता दी। जिसके बाद परिजन कार्रवाई को लेकर पीड़िता संग शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे। जांच अधिकारी पिंकी धामी ने बताया कि मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कमल रावत के खिलाफ पॉक्सो समेत दुष्कर्म की धारा 376 व 504, 506आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा शीघ्र टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। मालूम हो दुष्कर्म का आरोपी और भाजपा मंडल अध्यक्ष पूर्व में चम्पावत पीजी कॉलेज में छात्रसंघ का अध्यक्ष भी रहा है। इसके अलावा वह सल्ली क्षेत्र से बीडीसी सदस्य भी है। आरोपी पेशे से (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक्ट में बदलाव पर ट्रक चालकों ने किया हाईवे जाम

किच्छा(उद संवाददाता)। मोटर विकल एक्ट के प्रावधानों में बदलाव के





खिलाफ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर में भारी ट्रक वाहनों के चालकों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया जिसके चलते नेशनल हाईवे पर एक तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई जिसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम लगा रहे लोगों को समझा बूझकर जाम खुलवाया। यहां लालपुर क्षेत्र में स्थित हाजी पार्क में खड़े भारी वाहनों के (शेष पृष्ठ सात पर)

## पीड़िता से ही पुलिस कह रही पकड़ कर लाओ आरोपी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश में बढ़ते महिला अपराधों के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली को भी कुछ हद तक दोषी कहा जा सकता है। पुलिस द्वारा ऐसे कई मामलों में पीड़िता व उसके परिजनों पर समझौता करने का दबाव डाला जाता है तो वहीं अनेक मामलों में पुलिस कोई कार्रवाई भी नहीं करती है। जिससे महिला अपराधों से जुड़े आरोपियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। अब महिला अपराध से जुड़ा ऐसा मामला सामने आया है जिसमे पीड़िता से ही जिम्मेवार पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने लाने को कह रही है।पीड़िता पिछले दो माह से न्याय की गुहार लेकर थाने के चक्कर लगा रही है लेकिन उसकी कोई सुनवाई हो रही। अब पीड़िता परिजनों के साथ एसएसपी के सामने फरियाद करने की तैयारी कर रही है। पीड़िता के परिजनो ने बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री परिवार के भरण पोषण में अपनी इच्छा से झांकियों में भाई का साथ अपनी कला को प्रदर्शित करती थी। झांकी में एक युवक भी काम करता था। जिसने उसकी पुत्री के साथ जान पहचान बढ़ाई। लगभग (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस कर्मियों ने ढाबा स्वामी को पीटा

### विरोध में व्यापारियों ने किया एएसपी का घेराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि डीडी चौक पर स्थित एक ढाबा स्वामी की गश्त कर रहे दो पुलिस कर्मियों ने बेरहमी से पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष के नेतृत्व में तमाम ढाबा स्वामी व व्यापारी नेता घटना के खिलाफ एएसपी कार्यालय जा पहुंचे और उन्होंने एएसपी मनोज कत्याल का घेराव कर मामले की जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में पहुंचे गल्ला मंडी निवासी न्यू दुआ वैष्णों भोजनालय के स्वामी नरेश साहनी ने बताया कि गत रात्रि वह ढ़ाबा बंद कर बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान बाईक पर सवार दो पुलिस कर्मी उसके पास आये और काम बंद करने को कहने लगे । जब उनको कहा गया कि ढ़ाबे पर काम बंद किया जा चुका है (शेष पृष्ठ सात पर)



## ट्रेन में महिला के बैग से एक लाख रूपए उड़ाए

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। ट्रेन में मुरादाबाद से गूलरभोज आ रही एक महिला के बैग में रखी एक लाख रूपए की नगदी चोरों ने गायब कर दी। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आदर्श नगर मुरादाबाद निवासी ममता रानी पत्नी सोनू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह 15 अक्टूबर को मुरादाबाद से गूलरभेज जाने के लिए मुरादाबाद रेलवे स्टेशन स ट्रेन में सवार हुई थी। पीपलसाना के पास कुछ लोग उसकी सीट के बगल में आकर बैठ गए और उन्होंने उसका (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘रोजगारोन्मुखी’ शिक्षा की दिशा में ‘धामी’ का ‘बड़ा कदम’

### उत्तराखंड के 331 माध्यमिक विद्यालयों में दी जाएगी रोजगार परक शिक्षा,विजन इंडिया संस्था और राज्य शिक्षा विभाग मिलकर देंगे योजना को अंजाम,उधम सिंह नगर जिले के 23 शासकीय विद्यालय चयनित

-अर्श-

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड की स्कूल शिक्षा पद्धति की यह कहकर सदैव ही आलोचना की जाती रही है कि सूबे की स्कूल शिक्षा प्रणाली रोजगार परक न होकर बेरोजगारों की संख्या में वृद्धि करने वाली है। राज्य की शिक्षा पद्धति की इसी खामी के मद्देनजर भारत के अनेक नामी शिक्षाविदों ने समय-समय पर शिक्षा प्रणाली को रोजगार उन्मुख बनाने की सलाह देते हुए, इस तथ्य को बड़े ही बड़ी ही मजबूती से रेखांकित किया था ,कि राज्य में हर वर्ष बढ़ रही बेरोजगारों की फौज को कम करने के लिए आजादी के बाद से चली आ रही प्राचीन शिक्षा पद्धति में आमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। वह इसलिए , क्योंकि वर्तमान शिक्षा पद्धति रोजगार के नए रास्ते खोलने की बजाय नए बेरोजगार पैदा करने की फैक्ट्री साबित हो रही है। सो ,राज्य की धामी सरकार अब सूबे की शिक्षा प्रणाली की इसी बड़ी खामी को दुरुस्त करने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। राज्य सरकार ने प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को रोजगार परक बनाने के लिए उत्तराखंड के 331 सरकारी माध्यमिक स्कूलों में रोजगार की पढ़ाई आरंभ करने का निर्णय लिया है। खबर है कि सूबे का शिक्षा विभाग, विजन इंडिया संस्था के साथ मिलकर इन स्कूलों में रोजगार से जुड़े सात विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कराएगा तथा अगले शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं को विभिन्न ट्रेड में प्रवेश दिए जाएंगे ।



हासिल जानकारी के मुताबिक उत्तराखंड के डीजी-शिक्षा ,बंशीधर तिवारी ने विगत दिवस ननूरखेड़ा स्थित अपने कार्यालय में विजन इंडिया सर्विसेज के इंडिया प्रमुख रोहित रस्तोगी के साथ एक एमओयू साइन किया है। जिसके तहत विजन इंडिया सर्विसेज उत्तरा खंड के 331 शासकीय माध्यमिक विद्यालय में रोजगार पाठ्यक्रम आरंभ करने में शिक्षा विभाग की सहायता करेगा। बताया जा रहा है कि इस क्रम में हर चयनित स्कूलों में पहले लैब आदि की स्थापना की जाएगी तदुउपरांत चयनित सरकारी स्कूलों में एग्रीकल्चर, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, आई-टी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी और प्लम्बर जैसे ट्रेड से जुड़े विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। बताना होगा कि वर्तमान में उत्तराखंड के 200 स्कूलों में पहले से ही रोजगार की पढ़ाई कराई जा रही है तथा इस योजना में 331 नए माध्यमिक विद्यालयों को शामिल करने के उपरांत अब उत्तराखंड के 531 सरकारी स्कूल व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ जाएंगे। चयनित स्कूलों के लिए निर्धारित किए गए रोजगार पाठ्यक्रम के सभी विषय उत्तराखंड बोर्ड के विषयों में सम्मिलित हैं। गौर तलब है कि यूएस नगर में 23, अल्मोड़ा में 42,बागेश्वर में14 ,चमोली में 23,चम्पावत में 13, दून में 31, पौड़ी गढ़वाल में 18, हरिद्वार में 15, नैनीताल में 44,पिथौरागढ़ में 21, रुद्रप्रयाग में 13,टिहरी में 41और उत्तरकाशी में 25 स्कूलों को इस अभियान के लिए चुना गया है। राज्य के शिक्षा विभाग के थिंक टैंक का मानना है कि सरकार की इस पहल के परिणाम स्वरूप व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद सभी छात्र-छात्राएं अपेक्षित दक्षता हासिल कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड की पांचों सीटों पर खिलेगा कमल: महेंद्र भट्ट

## भाजपा ने नामित किए विधानसभा क्षेत्र विस्तारक और लोकसभा क्षेत्र संयोजक

काशीपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए विस्तारक और पांचों लोकसभा क्षेत्र के लिए संयोजक नामित कर दिए हैं। पार्टी की ओर से यह मनोनयन काशीपुर में आयोजित विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी अब पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गई है। सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पांचों सीटों सहित पूरे भारतवर्ष में कमल ही खिलेगा। उसे कोई नहीं रोक सकता। पार्टी हर वर्ग में अपनी पैंठ बनाने का प्रयास कर रही है। बाजपुर रोड स्थित एक होटल में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि पार्टी की कार्ययोजना को विस्तार देने के लिए सभी 70 विस क्षेत्रों में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा की जा सके। भट्ट ने कहा कि भाजपा का चुनाव चिह्न और प्रत्याशी दोनों कमल का फूल ही है। लोस चुनाव की दृष्टि से राष्ट्रीय नेतृत्व वाहक का चयन करेगा। वही पार्टी का झंडा लेकर चुनाव में चलेगा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत में




विकास की गंगा बह रही है। मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं तैयार की है। इन योजनाओं के लाभार्थियों के साथ भी कार्यकर्ता संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारी प्रभारी एवं सह प्रभारी, सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक में गंभीर मंत्रणा की जाएगी। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि चुनाव के प्रबंधन और संगठन की मजबूती में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। अजय भट्ट ने कहा कि देशभर में मोदी की गारंटी की विश्वसनीयता बढ़ी है। हम सभी को केंद्र सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसमें हर कार्यकर्ता को समुचित सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हर बूथ तक संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाना है। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम,प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार, विस्तारक समिति के सदस्य राजकुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, आदित्य कोठारी, राम मेहरोत्रा, मोहन बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष लवीश अरोरा आदि मौजूद रहे। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह तय कर दिया है कि 2024 में भाजपा की प्रचंड जीत तय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है।





## कुमांऊ रेंज में खुलेगी एसडीआरएफ की नई बटालियन : अभिनव कुमार

देहरादून(उद संवाददाता)। कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कुमाऊं रेंज में एसडीआरएफ की नई बटालियन खोली जाएगी। एसडीआरएफ को मजबूत करने के लिए होमगार्ड जवानों को भी आपदा ट्रेनिंग देकर एसडीआरएफ में तैनात किया जाएगा। बैठक में होमगार्ड के जवानों को भी आपदा प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक प्रशिक्षण कराकर एसडीआरएफ में तैनात करने का निर्णय लिया गया। जल पुलिस एवं बाढ़ राहत पीएसी दल का एसडीआरएफ में विलय किया जाएगा। बैठक में राहत एवं बचाव कार्य के लिए अत्याधुनिक उपकरणों को क्रय करने के संबंध में भी निर्णय लिए गए। हाई एल्टीट्यूड रेस्क्यू ऑपरेशन में दक्षता बढ़ाने के लिए हेली स्लाइदरिंग प्रशिक्षण कराया जाए। किसी भी आपदा के समय कार्रवाई के लिए रेडिनेस रेस्पॉन्स और पोस्ट रेस्पॉन्स की एसओपी तैयार करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक एसडीआरएफ रिधिम अग्रवाल ने एसडीआरएफ की जनशक्ति, उपलब्ध उपकरणों, चुनौतियों और भविष्य की कार्य योजना पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा ने कहा कि सीबीआरएन (केमिकल, बॉयोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर) और इंडस्ट्रीयल हजॉर्ट टीम की क्षमता को बढ़ाते हुए उच्च प्रशिक्षण प्रदान कराया जाएगा।

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होंगी

नैनीताल(उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी शेड्यूल के अनुसार, उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। दरअसल, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय उत्तराखंड के सभागार में सभापति, उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर की अध्यक्षता में साल 2024 के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा कार्यक्रम के निर्धारण के लिए परीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में परीक्षा समिति की ओर से निर्णय लिया गया कि उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल की ओर से संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा दिनांक 27 फरवरी 2024 से शुरू होगी, जो 16 मार्च 2024 तक चलेगी। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होंगी, जो 16 मार्च तक चलेगी। वहीं, प्रैक्टिकल 16 जनवरी 2024 से शुरू होंगे, जो 15 फरवरी के बीच चलेंगे। परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। बैठक में परिषद के सभापति सीमा जौनसारी, सचिव डॉ नीता तिवारी, अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) महावीर सिंह बिष्ट और परीक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्य में एसआईएसएफ गठन की कार्यवाही करने दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में मानवाधिकार संरक्षण के दृष्टिगत गृह विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि कारागारों की मांग पर कैदियों को मेडिकल सुविधा आदि पहुंचाने के लिए सुरक्षा कर्मियों की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को राज्य में शीघ्र एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन हेतु गढ़वाल और कुमाऊँ मण्डल में एक-एक ड्रग्स इंस्पेक्टर तथा 35 अन्य कार्मिकों के स्पष्ट प्रस्ताव को गृह विभाग को भेजने के निर्देश दिए। एसीएस ने उत्तराखण्ड में सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, बैंकों, हेलीपैड, हेलीपोर्ट, औद्योगिक स्थानों की सुरक्षा के लिए गठित की जाने वाली एसआईएसएफ (राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल ) के गठन की कार्यवाही को तीव्र करने हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए। एसीएस ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलके तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल गठन के निर्देश दिए हैं तथा अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय गिरोहों का पर्दाफाश करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का सहयोग लिया जाएगा।

# काशीपुर के दर्जनों तालाबों में पल रहे हैं मौत के मंगूरे





## मत्स्य पालकों से अधिकारी सांठ गांठ कर काट रहे मलाई

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। मत्स्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की को खाऊ-कमाऊ नीति के कारण आम लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। काशीपुर क्षेत्र के दर्जनों तालाबों में प्रतिबंधित मांगुर (मछली) का बड़े पैमाने पर पाला जाना इस बात की तस्दीक करता है कि यहां अधिकारी भी कानून की धज्जियां उड़ाने में पीछे नहीं है। ज्ञातव्य की मांगुर मछली के पालन पर देश में पूरी तरह प्रतिबंध होने के बावजूद विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से यहां क्षेत्र के दर्जनों तालाबों में चोरी छुपे मांसखोर मांगुर मछली का पालन किया जा रहा है। क्षेत्र में बड़े स्तर पर कारोबार संचालित किए जाने के बावजूद हैरत की बात यह है कि जिला प्रशासन एवं मत्स्य विभाग पूरी तरह अनजान बना है। ग्राम फिरोजपुर में बंद पड़े एक ईंट भट्ठे के पास भारी भरकम तालाब में पश्चिम बंगाल से ट्रक में भरकर मंगाई गई प्रतिबंध मंगूरे के लगभग 6:30 लाख बच्चे पल रहे हैं। यानी दूसरी जबान में कहा जाए तो सप्ताह के भीतर ही महज एक तालाब से हजारों क्विंटल प्रतिबंधित मांगुर की भारी भरकम खेप बाजारों में खपत की जाएगी। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मछली बाजारों में इतनी बड़ी तादाद में प्रतिबंधित मांस खोर मछली के सेवन से आमजन का क्या हाल होगा। इसी तरह ग्राम मानपुर फिरोजपुर के कुछ अन्य तालाबों समेत काशीपुर कुंडा तथा आईटीआई थाना क्षेत्र के दर्जनों तालाबों में प्रतिबंध मांगुर मछली का भारी तादात में पालन किया जा रहा है। इस बारे में पिछले कई वर्षों से जेष्ठ मत्स्य निरीक्षक के पद पर जमें विकास कुमार से जब बातचीत किया तो उन्होंने नोटिस की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया। मत्स्य निरीक्षक ने कहा कि सूचना मिलने पर नोटिस दी जाती है। सबसे ज्यादा मजे की बात यह है कि काशीपुर में जहां भारी तादाद में प्रतिबंधित मांगुर मछली का पालन किया जा रहा है वह मत्स्य विभाग के कार्यालय से बामुश्किल कुछ दूरी पर है। ऐसे ही रामनगर रोड पर एक पेपर मिल के पीछे स्थित तालाब में भी प्रतिबंध मांगुर के बड़े पैमाने पर पालन की सूचना है। यहां बता दें कि लगभग दो वर्ष पूर्व भी जब मत्स्य विभाग कि गलत नीतियों के कारण यहां प्रतिबंधित मांगुर मछली का बड़े पैमाने पर पालन किया जा रहा था तो उसे दौरान उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद हड़कंप के कारण अधिकारी अलर्ट हुए लेकिन मामला शांत होते ही मत्स्य पालकों से एक बार फिर मजबूत सांठ गांठ कर ली गई।

### रद्दी मांस को पीस कर दिया जाता है चारा

काशीपुर। मांगुर मछली को चारे के नाम पर घटिया एवं रद्दी मांस को छोटा हाथी में भरकर तालाबों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। तालाबों के किनारे लगी मशीन में इस मांस को पीसकर बाकायदा उसे तालाब में डाला जाता है। तालाब की रखवारी करने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि प्रतिदिन मछली मुर्गी एवं बड़े के रद्दी मांस तमाम तालाबों को भेजे जाते हैं। यहां इस मांस को मशीन में पीसकर उसे तालाब में मांगुर को खाने के लिए डाल दिया जाता है। प्रतिबंधित मांगुर के बारे में बताया जाता है कि मांसखोर होने के कारण यह बहुत जल्दी तैयार हो जाती है। एक मांगुर मछली का वजन आधा किलो से 1 किलो या इससे अधिक होता है।

### कैंसर व डायबिटीज की होती है गंभीर बीमारियां

काशीपुर। चिकित्सकों से इस बारे में बातचीत करने पर बताया गया कि मांगुर मछली के लगातार सेवन से कैंसर और डायबिटीज समेत कई गंभीर बीमारियां इंसान को जकड़ लेती है और समय से पहले ही वह मौत के मुंह में चला जाता है इसके बावजूद काशीपुर के मोहल्ला बांसफोड़ान स्थित मछली बाजार में प्रतिबंधित मछली खुले आम बेची जा रही है। सूत्रों का कहना है कि काशीपुर के दर्जनों तालाबों में कानून को ताक पर रखकर पाली जा रही प्रतिबंधित मांगुर मछली की भारी भरकम खेप उत्तराखंड के अलावा यूपी के भी तमाम शहरों में स्थित मछली बाजारों को सप्लाई की जा रही है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# 10 जनवरी को रहेगा उत्तराखंड बंद, पोस्ट वायरल!

देहरादून। मकर संक्रांति के अवसर पर मूल निवास लागू करने की मांग को लेकर बागेश्वर में एक अनोखे आंदोलन की शुरुआत होने जा रही है। 'कुली बेगार आंदोलन' की तर्ज पर मूल निवास को लेकर लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी वायरल हो रहा है। जिसमें 10 जनवरी को उत्तराखंड बंद का आह्वान किया जा रहा है। उत्तराखंड में इन दिनों मूल निवास लागू करने की मांग उठ रही है। आंदोलन में बड़ी संख्या में लोग जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं। मूल निवास संघर्ष समिति के द्वारा मकर संक्रांति के मौके पर बागेश्वर में सरयू नदी के तट पर मूल निवास लागू करने की मांग को लेकर एक नई लड़ाई की शुरुआत होने जा रही है मूल निवास संघर्ष समिति ने मूल निवास को लागू किए जाने को लेकर जंग लड़ने का ऐलान कर दिया है। इसी बीच सोशल मीडिया पर 10 जनवरी को उत्तराखंड में मूल निवास के मुद्दे को लेकर उत्तराखंड बंद किए जाने का एक पोस्ट भी जमकर वायरल हो रहा है। जो पूरी तरह से फेक है। बता दें 2012 में भी मूल निवास के मुद्दे को लेकर 10 जनवरी को उत्तराखंड बंद करने का आह्वान किया गया था। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा पोस्ट 12 साल पुराना है। मूल निवास संघर्ष समिति के सहसंयोजक लुषन टोडरिया का कहना है कि उनके पिता राजन टोडरिया ने 2012 में मूल निवास के मुद्दे को लेकर उत्तराखंड बंद किए जाने का आह्वान किया था। लेकिन इस अपील पत्र को फिर से वायरल किया जा रहा है। जो की पूरी तरीके से गलत है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# जु-जित्सू खिलाड़ियों ने जीते 52 स्वर्ण पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर। जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में अयोजित हुई दो दिवसीय उत्तराखंड राज्य जु-जित्सू प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर के जु-जित्सू खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 52 स्वर्ण पदक, 36 रजत पदक व 28 कांस्य पदक सहित ओवरऑल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जानकारी देते हुए जिला जुझ्रजित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि) के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि 24 से 25 जनवरी को जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य स्तरीय जु-जित्सू प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें उत्तराखंड राज्य के 10 जनपदों के 750 से अधिक जु-जित्सू खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम दिखाया। ओवरऑल चैंपियनशिप में नैनीताल ने प्रथम स्थान, उधम सिंह नगर ने दूसरा एवं देहरादून ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ध्रुव रौतेला, पूर्व दर्जा मंत्री मोहन अग्रवाल, जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेंशी विनय कुमार जोशी, महासचिव सिहान अमित अरोरा, जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्षा श्रीमती रसिका सिद्धीकी, डीएसओ नैनीताल जानकी कार्की, डुपिटी डीएसओ वरुण बेलवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सतीश जोशी, जिला जुजित्सू संघ नैनीताल के अध्यक्ष देवेंद्र रावत, जिला जुजित्सू संघ ऊधम सिंह नगर के कोषाध्यक्ष सिहान किशोर सिंह द्वारा सयुक्त रूप से पदक पहनकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला जुझ्रजित्सू संघ उधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने बधाई देते हुए कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर के जु-जित्सू खिलाड़ी निरंतर राज्य, राष्ट्रीय,एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जनपद का नाम गौरवान्वित कर रहे है। और उन्होंने कहा कि सभी विजेता खिलाड़ियों के मनोबल एवं उत्साह वर्धन हेतु जिला जुझ्रजित्सू संघ उधम सिंह द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी चयनित खिलाड़ी दिनांक 24 से 25 फरवरी 2024 को देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित बहुउद्देशीय खेल परिसर में जुझ्रजित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जुझ्रजित्सू चौंपियनशिप में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला जुजित्सू संघ ऊधम सिंह नगर के पदाधिकारी जॉनी हिराम तिग्गा, कैनेथ लाल, शोभा तिग्गा, वसीम खान, हिमा भट्ट, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, कृष्ण आनंद, अंतर्राष्ट्रीय धावक विजेंद्र चौधरी, उत्तरांचल ओलंपिक के महासचिव डी.के सिंह, शंकर बसेरा, गंगा मेहरा, सतनाम चावला, ऐजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, यतेंद्र कुमार, अजय शर्मा, शेखर सक्सेना, सहित अनेकों अभिभावक गण एवं अन्य खेल पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए मिलेंगे 70 लाख रूपये

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रत्येक खेल मैदान के निर्माण के लिए 42 लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। जिलाधिकारी की संस्तुति के आधार पर भूमि के कटान, समतलीकरण, भरान एवं रिटेनिंग वॉल के निर्माण के लिए 12.50 लाख रुपये की धनराशि की सीमा तय की गई है। वहीं पांच लाख रुपये खेल उपकरणों के लिए मिलेंगे। खेल मैदान में दौड़, लंबी कूद एवं ऊंचीकूद, थ्रो पर आधारित खेल, खो-खो, कबड्डी, वालीबाल, फुटबाल, बास्केटबाल, पुशअप, चिनअप, ताइक्वांडो, बाक्सिंग आदि खेलों की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशिक्षण के लिए एक खेल प्रशिक्षक विभाग की ओर से निर्धारित मानदेय के आधार पर तैनात किया जाएगा। शासनादेश के अनुसार खेल मैदान की भूमि निजी दानदाताओं, ग्राम समाज, नजूल या राज्य सरकार के स्वामित्व की भूमि का आवंटन युवा कल्याण विभाग के नाम संबंधित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से निःशुल्क किया जाएगा। निजी दानदाताओं की ओर से दी गई भूमि की रजिस्ट्री पर होने वाला खर्च खेल विभाग वहन करेगा। वहीं किसी शासकीय विभाग, प्राधिकरण, राजकीय, शासकीय सहायता प्राप्त संस्थान, विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय की भूमि पर संबंधित संस्था के अनापत्ति प्रमाणपत्र के साथ खेल मैदान का निर्माण प्रस्तावित किया जाएगा। अन्य प्रकार की भूमि होने पर युवा कल्याण विभाग के नाम हस्तांतरण होने के बाद ही खेल मैदान का निर्माण प्रस्तावित किया जाएगा। इस संबंध में विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित कुमार सिन्हा ने निदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल को पत्र भेजा है। मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए 70 लाख रुपये की धनराशि रखी गई है। इसमें उपकरणों की खरीद के लिए भी राशि सुनिश्चित की गई है। वहीं मिनी स्टेडियम में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए कम से कम एक खेल प्रशिक्षक विभाग की ओर से रखा जाएगा। आवश्यकता के अनुसार मिनी स्टेडियम में खेल विशेष के प्रशिक्षण के लिए खेल विभाग की ओर से अस्थायी खेल प्रशिक्षक भी तैनात किया जा सकेगा। मिनी स्टेडियम के रख-रखाव का मुख्य दायित्व इस स्टेडियम में नियुक्त खेल प्रशिक्षक का होगा। प्रत्येक वर्ष टूट-फूट एवं खेल उपकरणों के लिए 10 हजार जिला योजना से उपलब्ध कराए जाएंगे।

# सोशल मीडिया को मनोरंजन का माध्यम न बनाये युवा पीढ़ी- डा. शर्मिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोशल मीडिया को युवा पीढ़ी महज मनोरंजन का माध्यम न बनाये बल्कि इसका अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए इस्तेमाल करे। यह बात गदरपुर राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डा. शर्मिला सक्सेना ने आज श्री सनातन धर्म कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोशल मीडिया एवं उसका जीवन पर प्रभाव विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का युग है। सोशल मीडिया ऐसा जरूरी हो गया है जैसे जीवन के लिए पानी और भोजन। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया विकास से ज्यादा नुकसान का माध्यम बनता जा रहा है। क्योकि युवा पीढ़ी एवं बच्चे इसकी गिरफ्त में आ गये हैं। रूद्रपुर राजकीय महाविद्यालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज पाण्डेय ने कहा कि सोशल मीडिया सम्बंध बनाने,सूचना देने, नया से नया ज्ञान विज्ञान का माध्यम है। यह नये अवसर प्रदान करता है। अपने ज्ञान, कार्यों व प्राप्तियों को दूसरों तक पहुंचाना और दूसरों का ज्ञान हासिल करना है। यह हम पर निर्भर है कि हम कितने ज्ञान और जिम्मेवारी से इसका प्रयोग करते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डा. सतविन्दर कौर ने बताया कि हर वक्त देश विदेश, अपनों एवं समाज की नवीनतम सूचना देने के माध्यम को ही सोशल मीडिया कहते हैं। व्हाट्स एप, फेसबुक, आधुनिक तरीके हैं। यह परिवार, मित्रों, समाज, को जोड़ने और विभिन्न मुद्दों की जानकारी का सशक्त माध्यम है। यह सोशल मीडिया न होता तो सिलक्यारा सुरंग के 41 मजदूर न बच पाते और न ही निर्भया हत्याकाण्ड के दोषियों को फांसी मिल पाती। सोशल मीडिया हमेशा जिम्मेवारी का काम करता है। करोड़ों युवा सोशल मीडिया का सदुपयोग करके ही तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचे हैं। कार्यक्रम में हिमानी, प्रिंसी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान डा. ज्योति, डा. शिल्पा, डा. चम्पा, डा. नीमा पाठक, डा. रेखा, डा. रजनी गुलाटी, डा. श्वेता, डा. विद्या, डा. भावना, श्रीमती नीतू, श्रीमति नेहा, श्रीमती प्रेरणा, श्रीमती सोनिया, कु. नेहा, कु. गुंजन सहित सभी शिक्षिकायें व छात्रायें मौजूद थीं।





# फाउंडर हाउस बना चैंम्पियन

कालाढूंगी। कालाढूंगी के नयागांव स्थित अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में चार दिनों तक आयोजित हुए वार्षिक खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल चैंपियनशिप पर फाउंडर हाउस ने कब्जा कर लिया। स्कूल में आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में वालीबाल, फुटबाल, खो-खो, एथलीट, गोला फेंक, चक्का फेंक आदि में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। खेलो एएमपीएस के तहत यह खेल आयोजित हुआ।प्रतियोगिता में सन टेरेसा हाउस दूसरे नंबर पर रहा। जबकि सर सय्यद हाउस को तीसरा स्थान मिला। वजेता बच्चों को स्कूल



चेयरमैन विजय कुमार खन्ना, संरक्षक नीलम खन्ना, सचिव अनिकेत खन्ना, प्रबंधक टीना खन्ना, प्रधानाचार्या डा, एसआई खान ने ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा पढ़ाई के साथ खेलों में रुचि रखने से शरीर और दिमाग स्वस्थ रहता है। खेलों में प्रतिभाग करते हुए बच्चे अच्छे मुकाम को हासिल कर रहे हैं। खेलों को संपन्न कराने में कपिल पांडे, विपिन कुमार, अमन, राजेश गोला, जगमोहन जोशी, मिथिलेश गोला, कल्पना भट्ट आदि ने सहयोग किया।

# अवैध गैस सिलेंडर परिवहन पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पूर्ति विभाग ने अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की सप्लाई करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। अवैध रूप से गैस सिलेंडर परिवहन करने पर वाहन को सीज कर दिया गया है। बता दें कि शनिवार को प्रशासन और पूर्ति विभाग की टीम ने प्रगति विहार डहरिया में अवैध गैस सप्लाई की सूचना पर छापा मारा था जिसके बाद टीम ने मौके पर छोटा हाथी संख्या यूके04सीए-9862 से ले जाए जा रहे को पकड़ लिया। टीम ने उसमें 22 सिलेंडर बरामद किए। जब उससे गैस से संबंधित कागजजात मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाया। पूर्ति विभाग ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया है।

# शहर में ऑटो लिफ्टर गैंग हुआ सक्रिय, बाइक उड़ाई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर में ऑटो लिफ्टर गैंग फिर सक्रिय हो गया है। आए दिन वाहन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। अब ऑटो लिफ्टरों ने बैंकेट हाल के बाहर खड़ी बाइक पर हाथ साफ कर दिया है। पीड़त ने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। श्याम बिहार कालोनी मुखानी निवासी किरण बिष्ट पत्नी महेंद्र बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके भतीजे महेंद्र खनवाल अपनी बाइक संख्या यूके04एजे-4876 से कृपा सिंधु बैंकेट हॉल गया था। उसने बाइक बैंकेट हॉल के बाहर खड़ी कर दी। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पीड़ित ने पुलिस से बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है।

# कमरे से हजारों की नगदी और मोबाईल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फैक्ट्री में काम के लिए गई महिला की गैर मौजूदगी में अज्ञात व्यक्ति ने उसके कमरे का ताला तोड़कर हजारों की नगदी और मोबाईल चोरी कर लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। संगीता पत्नी विपिन यादव हाल निवासी शिमला बहादुर ट्रांजिट कैम्प ने बताया कि 24 दिसंबर की सुबह वह अपने कमरे पर ताला लगाकर काम करने के लिये चली गयी। रात्रि 8:30 बजे जब वह काम करके वापस अपने कमरे पर आयी और अपने कमरे का ताला टूटा हुआ था। भीतर जाकर देखा तो कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था और कमरे में से उसका मोबाइल व नगद 14 हजार रुपए गायब मिले जो कि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिये गये थे। संगीता ने कहा है कि उसे शक है कि उसका सामान उसी मकान में रहने वाले एक व्यक्ति ने चोरी किये है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्नातक स्तरीय पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा के लिए 10 परीक्षा केन्द्र बनाये,4200 अभ्यर्थी पंजीकृत

## जिलाधिकारी ने नकल विहीन परीक्षा के लिए एडीएम ने दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 31 दिसम्बर को आयोजित होने वाली स्नातक स्तरीय पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा को नकलविहीन तथा पारदर्शिता से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा प्रधानाचार्यो एवं पर्यवेक्षकों की डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक लेते हुए दिये। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 01 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु रूद्रपुर बनाए गए कुल 10 परीक्षा केन्द्र हेतु 4200 अभ्यर्थी पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु रूद्रपुर में 04 सैक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं व 04 सैक्टर मजिस्ट्रेट आरक्षित किये गये हैं।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में छोटी से छोटी लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा पारदर्शिता व निष्पक्षता से सम्पन्न होने पर योग्यतम व्यक्ति चयनित होंगे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी पर तैनात सैक्टर मजिस्ट्रेट, अधिकारी व कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा से करना सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ठ निर्देश देते हुये कहा कि परीक्षा पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न हो, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा दिवस पर परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धारा-144 लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका निर्वहन बड़ी जिम्मेदारी से करना है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित समय के अनुरूप ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र में पेपर आयोग के दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए खोले जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी कर्मचारी के पास मोबाइल न हो। परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई फोटो स्टेट की दुकान खुली न रहें। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी अपने साथ आईडी कार्ड जरूर लायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट परीक्षा केन्द्र पर लाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केन्द्र के बाहर इस सम्बन्ध में बड़े अक्षरों में नोटिस लगाकर यह स्पष्ट कर दिया जाये कि आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित परीक्षार्थियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा कार्य में संलग्न कर्मचारियों तथा अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश न करने दिया जाये। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध आयोग के प्रतिनिधि रवि सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।






# इग्लिंश स्टोरी टेलिंग कम्पटिशन में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन, चार व पांच के विद्यार्थियों के मध्य इग्लिंश स्टोरी टेलिंग काम्पीटिशन का आयोजन किया गया। कक्षा तीन, चार व पांच के बच्चों ने विभिन्न कहानियों का वाचन कर उसमें छिपी नैतिक शिक्षा भी बताई। जिनमें प्रमुख रूप से नेवर लाई, दि इंडियन स्कैवरल एण्ड लॉर्ड रामा, फूलिश क्रो, दि पाइड पाइपर ऑफ हेमलिन, दि बर्निंग लेम्प, दि ग्रीडी लॉयन, दि एण्ट एण्ड दि ग्रासहॉपर, नो पेन नो गेन आदि थी। विजेताओं का चयन क्लेयरिटी ऑफ थॉट्स, डिकसन, प्रॉप्स, कान्फीडेंस, एक्सप्रेशनस एण्ड गेसचर के आधार पर किया गया। जिनमें कक्षा तीन में मृदुल काण्डपाल, वेद पलडिया प्रथम, आनवी शुक्ला, अनाया नावेद, परिधि तिवारी, कनिका नेगी द्वितीय तथा पलाक्षा तिवारी, वान्या पन्त, ऋतुराज पन्त, दीक्षांत जोशी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार में एकांश साह, विहान जोशी प्रथम, रितिशा सुयाल, ओशिन चन्द्रा, गर्विका जोशी द्वितीय और दर्शिका पाण्डे, देव भट्ट, यशी पलड़िया, मनिका गर्ग तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांच में ग्रेस जोशी, रितिशा चौघरी, आदिश्री चन्देल प्रथम, प्रिशा नेगी, विहान सिंह बिष्ट, वेदांश देव कुमार, जयादित्य जोशी, हार्दिक भट्ट द्वितीय और भार्गवी भण्डारी, रिद्धिमा अग्रवाल, अयांश चौधरी, मुख्तार अब्बास, शशांक पाण्डे तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने मेडल देकर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका श्रीमती प्रियंका शर्मा एवं श्रीमती उर्मिल जोशी ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा पांच की वंशिका जोशी व विहान बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।



# पत्रकार प्रेस परिषद की रानीखेत इकाई का गठन

## संदीप पाठक अध्यक्ष, हर्षवर्धन महामंत्री बने

रानीखेत (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकारों की एक बैठक में संगठन की रानीखेत इकाई का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संदीप पाठक को अध्यक्ष, हर्षवर्धन पंत को महामंत्री, कुंदन बिष्ट को कोषाध्यक्ष, महेश चंद्र जोशी को उपाध्यक्ष, मो. तय्यब को उपाध्यक्ष, अंकित अग्रवाल को महा सचिव, विनीत चौरसरिया को संगठन मन्त्री, विपिन को मीडिया प्रभारी, अर्चित अग्रवाल , अमन खान एवं अजय पुनेठा को सचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गयी। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद की देश भर में पत्रकारों प्रमुख संगठन है। पिछले लम्बे समय से संगठन पत्रकारों हितों के लिए काम कर रहा है। पत्रकारों का यह पहला ऐसा संगठन है जो अपने सदस्यों को सवा दो लाख रूपये का बीमा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुमांऊ के कई शहरों में संगठन की इकाईयां गठित हो चुकी है। जल्द ही अल्मोड़ा में भी इकाई का गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पत्रकारों को एकजुट होने की जरूरत है। आज सोशल मीडिया के दौर में पत्रकारिता कमजोर होती जा रही है। प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकारों को तमाम कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार पत्रकारों के हितों के लिए काम नहीं कर रही है जिसके चलते आज कई अखवार बंद हो चुके हैं और कई अखवार बंदी के कगार पर है। उन्होंने कहा कि संगठन छोटे बड़े सभी पत्रकारों के हकों की लड़ाई लड़ेगा। जल्द ही पत्रकारों के हितों के लिए ठोस रणनीति बनाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जायेगी।



# भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। गुरुग्राम देवनगर सीमा मध्य स्थित श्री बालाजी दरबार में चतुर्थ वर्ष सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकालकर मां गंगा को वरण कर पवित्र गंगा जल श्रीमद्भागवत कथा मंडप में स्थापित किया। कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से कलश स्थापना की। तत्पश्चात प्रथम दिन श्रीमद् भागवत कथा में उपदेश देते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा वह अमृत सरोवर है जिसका श्रवण मात्र से जीव का कल्याण एवम कलियुग के इस विषम परिस्थितियों के घोर जंजाल से पार पाने का सुगम पथ एकमात्र श्रीमद् भागवत कथा अमृत है जिसके सुस्वाद युक्त कथा मोक्ष प्रदान करने में देर नहीं लगाती।जीवन के इस आपा धापी में क्षणिक समय निकालकर जो जीव श्रीमद् भागवत कथा का आश्रय लेता है वह समस्त विषय विकारों से मुक्त होकर परम धाम को प्राप्त कर सकता है। भागवत आयोजक समिति के कनाई मंडल,गौरांग मंडल,सुशंकर, बिमल, रवीन,कृष्णा,रेखा, विजय कुमार,सरोज, बीबेक आदि लोग उपस्थित थे।



# देश को पढ़ाया जा रहा नकली हिंदुत्व का पाठ: सुशील भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वराज हिन्द फौज की बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष सुशील भट्ट ने कहा कि आज देश को नकली हिंदुत्व का पाठ पढ़ाया जा रहा है जबकि स्वामी विवेकानंद ने असली हिदुत्व की परिभाषा को परिभाषित करते हुए कहा था कि मेरी शिक्षा किसी भी धर्म की शत्रु नहीं है तथा मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व का अनुभव करता हूं, जिसनें संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौम स्वीकृति, दोनों की ही शिक्षा दी है। उन्होंने कहा कि कोई भी यदि अपने धर्म के पूर्ण अस्तित्व के बारे में सोचता है, और दूसरों के धर्म के विनाश के बारे में तो गलत है। संविधान सभा में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने हिंदुत्व की व्यापकता व हिन्दुत्व के व्यवहार को स्पष्ट करते हुए कहा कि पारसी, यहूदी, ईसाई, मुसलमान जो यहां शरण लेने आए उनसे हमारे देश भारत ने यह कभी नहीं कहा कि वे इसका धर्म मान लें या हिन्दुओं में मिल जायें। जिओ और जीने दो यही हमेशा इस देश की भावना रही है। यदि हम सच्चाई से इस भावना पर स्थिर हैं, यदि हम उस आदर्श पर दृढ़ हैं, जो कि पाँच-छः हजार वर्षो से हमारी संस्कृति में व्याप्त है, तो हमें रंचमात्र भी संदेह नहीं है कि हम समुपस्थित संकट पर उसी तरह विजय पायेंगें, जिस तरह अपने अतीत के इतिहास के संकटों पर पायी थी। सुशील भट्ट ने कहा आज विश्व को फिर से गांधी जी के सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है , जो कि पूर्णरूपेण सत्य और अहिंसा पर आधारित था। अहिंसा, और शांति के मार्ग पर चलकर ही कोई देश तरक्की कर सकता है । वसुधैव कुटुम्बकम व विश्व बंधुत्व की भावना से ही पूरे विश्व का कल्याण हो सकता है। हमें व्यक्तिगत स्वार्थ के बजाय सेवा- कार्यो के उद्देश्य से ही सामाजिक संगठनों का गठन करना चाहिए । पारस्परिक सहयोग और त्याग की भावना से ही कोई संगठन प्रगति की और अग्रसर हो सकता है। किसी भी संगठन व व्यक्ति की पहचान उसके सिद्धान्तों व नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों के आधार पर होनी चाहिए । लेकिन आज व्यक्ति की पहचान उसके धन व पद के आधार पर होती है। जो कि वर्तमान समाज की मनोदशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मूल्यों को बचाने के लिए देश की राजनीति में पुन: मूल्य और आदर्श स्थापित करने होंगे। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री हरीश पनेरु , हुकुम सिंह कुँवर, गिरीश चन्द्र लोहनी, पंडित विशाल शर्मा, आफताब हुसैन , सुरेश चन्द्र कपिल, आर्येन्द्र शर्मा , हरीश रावत , नारायण गिरी गोस्वामी, गिरीश बिष्ट , मोहन चंद्र कांडपाल , नितिन कोहली , दयानंद सनवाल , यमुना दत्त बेलवाल, सेवानिवृत लेफ्टिनेंट नवीन चंद्र पांडे , वीरेन्द्र बर्गली , अखिलेश भारद्वाज, सुनील भट्ट, पंकज चुफाल , जगमोहन चिलवाल , बालम सिंह बिष्ट , डॉ. अवधेश तिवारी, प्रदीप पाठक , विनोद जोशी , श्रीमती कल्पना भंडारी , देवेंद्र कुमार पांडे , संजीव सिंह , पीयूष पांडे , देवेंद्र भौर्याल , हरीश माथुर , विनोद जोशी , संदीप विधावन , नरदेव गंगवार , गोविंद कुमार , सतीश सुयाल समेत कई लोग उपस्थित थे ।



# मेजर सुमन मेहरा की पुण्य तिथि पर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की नगर उपाध्यक्ष मंजू मेहरा एवं उनके पति सेवानिवृत्ति मेजर उमेश सिंह मेहरा ने अपनी पुत्री मेजर स्वर्गीय सुमन मेहरा की पुण्यतिथि पर गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। तिगड़ी मंदिर कमेटी की अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की नगर उपाध्यक्ष मंजू मेहरा की सुपुत्री का 6 वर्ष पूर्व रोड एक्सीडेंट में देहांत तो हो गया था, जिसकी याद में मेहरा दंपति हर वर्ष, गरीब असहाय लोगों की मदद करते हैं इस वर्ष मेरा नंबर तीन लगभग 60 लोगों को कंबल वितरित कर अपनी सुपुत्री की छठी पुण्यतिथी मनाई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भवानी भंडारी, ललित जोशी, दान सिंह राणा, राजेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश ठाकुर, राहुल चौहान, विवेक गुप्ता, दीपक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राहुल रस्तोगी, डबल वाल्मीकि, संतोष गौरव उपस्थित थे।



# उत्तराखंड की कांग्रेस नेत्री शिल्पी अरोड़ा की बेटी की शादी के रिसेप्शन में शामिल हुईं कई हस्तियां






नई दिल्ली/ रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हरियाणा के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे भजन लाल के पोते और पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के दोनों बेटों की शादी का रिसेप्शन दिल्ली स्थित द हयात होटल में आयोजित हुआ। इस दौरान कुलदीप बिश्नोई के दोनों बेटे चैतन्य और भव्य अपनी अपनी पत्नियों के साथ मौजूद रहे। गौरतलब है कि कुलदीप बिश्नोई के बेटे और क्रिकेटर चैतन्य बिश्नोई की शादी उत्तराखंड कांग्रेस की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता शिल्पी अरोड़ा की बेटी सृष्टि अरोड़ा से हुई है। वहीं कुलदीप बिश्नोई के दूसरे बेटे और विधायक भव्य बिश्नोई की शादी राजस्थान की रहने वाली और 2019 बैच की आईएएस परी बिश्नोई से हुई है। इन दोनों की ही शादिओं का ग्रैंड रिसेप्शन दिल्ली के हयात में हुआ। ये रिसेप्शन शिल्पी अरोड़ा द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में कई जानी मानी हस्तियों ने शिरकत की। इनमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत, डिजाइनर वरुण बहल, सुनील सेठी, अंजू मोदी, रिद्धि मेहरा सहित दिल्ली के कई बड़े नाम शामिल रहे। आपको बता दें कि शिल्पी अरोड़ा की बेटी सृष्टि अरोड़ा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी की है, जबकि चौतन्य आईपीएल चेन्नई सुपर-किंग का हिस्सा रहे हैं और अब सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न टीम के लिए यूएसए की प्रमुख लीग क्रिकेट में खेल रहे हैं। वहीं चैतन्य के भाई भव्य बिश्नोई आदमपुर विधानसभा से भाजपा विधायक हैं जबकि उनकी पत्नी परी बिश्नोई 2019 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। ओवल मेंशन द हयात में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में भाजपा, कांग्रेस, क्रिकेट जगत, विज्ञापन जगत, फैशन जगत, नौकरशाहों, सहकारी जगत, उत्तराखंड और हरियाणा के राजनेताओं के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। रिसेप्शन में शामिल होने वाली प्रमुख हस्तियों में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, ज्योतिरादित्य सिंधिया, अर्जुन राम मेघवाल, कृष्ण पाल गुर्जर, पूर्व मंत्री विजय गोयल, शाहनवाज हुसैन, डिजाइनर वरुण बहल, सुनील सेठी, अंजू मोदी, रिद्धि मेहरा और चारू पाराशर, सिने स्टार आर्य शामिल थे।

# थर्टी फस्ट की रात कई रेस्टोरेंट और होटल में जोर शोर से की जा रही 'जश्न' की तैयारियां

## पुलिस के समक्ष बड़ी चुनौती, अवैध रूप से शराब परोसने वालों के खिलाफ अभियान चलाएंगे?

**-हिमांशु वार्ष्णेय-**



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नए साल 2024 के आगमन में अब कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं। ऐसे में नगर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थित तमाम चर्चित बड़े होटलों के साथ ही मुख्य मार्गों के दोनों ओर व गली मोहल्लों में मौजूद लगभग सभी होटलों तथा रेस्टोरेंटों में 31 दिसंबर की रात कार्यक्रमों की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। अधिकांश होटलों व रेस्टोरेंटों के स्वामियों द्वारा जाम की पार्टियों के लिए ग्राहकों के सामने लुभावने अलग अलग पैकेज भी 15 दिन पहले से ही प्रस्तुत किए जा चुके हैं। निश्चित रूप से सभी रेस्टोरेंट और होटल में खुले आम शराब परोस कर साल का आखिरी दिन मनाने की तैयारी जोरों पर हैं। इनमें कितने होटलों व रेस्टोरेंट स्वामियों ने बार का लाइसेंस लिया हुआ है। यह एक विचारणीय प्रश्न सबके सामने है। पुलिस और आबकारी विभाग की आंखों के सामने नगर तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थित तमाम ऐसे कई होटल व रेस्टोरेंट खुलेआम 31 दिसंबर की रात ग्राहकों को खुलेआम जाम परोस रहे होंगे जिनके पास बार का लाइसेंस नहीं होगा। ऐसे रेस्टोरेंट व होटलों में अधिकांश ग्राहक युवा पीढ़ी ही होगी। जिन्हें कार्यक्रम के बाद नियंत्रित करना पुलिस के लिए खासा मुश्किल हो सकता है। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन शराब पीकर उत्पात मचाने वाले हुड़दंगियों से किस तरह से निपटेगा। वहीं आबकारी विभाग द्वारा कितने रेस्टोरेंट और होटल स्वामियों को शराब परोसने के लाइसेंस जारी किए गए हैं। यह तो विभागीय अधिकारियों को ही पता होगा। पर क्या अधिकारी 31 दिसंबर की रात अवैध रूप से ग्राहकों को जाम परोसने वाले रेस्टोरेंट व होटलों के विरुद्ध कार्रवाई करेगा ऐसा बिलकुल भी दिखाई नही दे रहा है। वैसे तो पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा पूरे साल अवैध अंग्रेजी तथा देसी कच्ची शराब ले जाने व बेचने वालों के विरुद्ध करवाई कर बड़े अधिकारियों के समक्ष गुड वर्क के कार्यों की फाइलें भर मीडिया को फोटो व्हाट्स ऐप करते रहते हैं। क्या अब उक्त दोनों ही विभागों के अधिकारी 31 दिसंबर की रात अवैध रूप से शराब परोसने वालों के खिलाफ अभियान चलाएंगे?

# मेले में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।श्री राधा कृष्ण महिला उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित 2 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ देव दुर्गा बैंकवट हाल लालढाट रोड तल्ली बमोरी में हुआं विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ पहाड़ी व्यंजनों के स्टालो से सजे इस मेले में लोगों ने कार्यक्रमों के साथ पहाड़ी व्यंजनों का भी लुफ्त लिया। मेले के सफल आयोजन के लिए समिति की अध्यक्ष श्रीमती राधा चौधरी और उनकी सभी पदाधिकारियों ने अपना योगदान दिया।इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों



के द्वारा अपनी आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों का मन जीत लिया। कार्यक्रम में सभी विजेता टीम को समिति के द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित भी किया गया। दो दिवसीय चलने वाले इस मेले के सफल आयोजन में अपना योगदान देने के लिए समिति की अध्यक्ष श्रीमती राधा चौधरी और श्रीमती नीलू नेगी ने सभी स्कूलों के आये बच्चों और मेले को सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। मेले का सफल संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज तिवारी ने किया। इस अवसर पर समिति की श्रीमती ज्योति मेहता, श्रीमती दीप्ति चुफाल, श्रीमती सुनीता चिलवाल, श्रीमती नीलू नेगी, श्रीमती दीप्ती चुफाल,श्रीमती शोभा बिष्ट मधु बिष्ट, मणिका चौधरी, श्रीमती जया पांडे, सुनीता बिष्ट, कमला पांडे, विजेता मनराल आधी उपस्थित रहे।



## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# खूबसूरत पहाड़ो की वादियां

हिमाचल प्रदेश के शिमला में भारी तादाद में लोगों के पहुंचने को पर्यटन के लिहाज से एक अच्छी खबर के तौर पर देखा जा सकता है। नये साल के आगमन पर पहाड़ों के बीच बसे तमाम इलाकों में पर्यटकों का जाना अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार रहा है, लेकिन क्या इसकी कोई सीमा है? पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिस तरह हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे राज्यों में खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों का आनंद उठाने के लिए पहुंचे लोगों की संख्या में जिस तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, उससे आर्थिक मोर्चे पर इन राज्यों को लाभ हो सकता है, मगर इस वजह से जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उससे इन इलाकों में बहुस्तरीय मुश्किलें ही पैदा होंगी। नए वर्ष का जश्न मनाने के मौके पर मनाली सहित आसपास के कई इलाकों में पहुंचे लोगों और उनके हजारों वाहनों से सड़कों पर लगा लंबा जाम यही बताता है कि लोगों के भीतर घूमने की भूख तो पैदा हुई है, मगर वे इसके संतुलन के अलग-अलग पक्षों को समझने की जरूरत नहीं समझ रहे। कुछ दिनों के लिए किसी खूबसूरत प्राकृतिक स्थल की ओर जाने का क्या हासिल, अगर वहां पहुंची भीड़ ही एक मुसीबत का कारण बन जाए? दरअसल, भीड़भाड़ वाले शहरों और महानगरों में रहने वाले बहुत सारे लोगों को यह लगता है कि दिन-रात कामकाज और तनाव से राहत पाने के लिए उन्हें वादियों में बसे मनोरम इलाकों में जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्राकृतिक सौंदर्य से लैस पहाड़ी इलाकों में जाना सबके लिए सुकूनदेह साबित होता है। लेकिन इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि प्रकृति की जिस खूबसूरती का सुख लेने लोग पहाड़ों की वादियों में जाते हैं, वही वजह उन इलाकों की प्राकृतिक संरचना के नुकसान पहुंचने की वजह बन रही है। यह किसी से छिपा नहीं है कि हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड जैसे राज्यों में बसे पर्यटन के लिहाज से सुंदर इलाकों में जाने वाले लोग अपने मुताबिक घूमते तो हैं, लेकिन इस क्रम में वहां के अनुकूल अपनी गतिविधियों को नियंत्रित नहीं रख पाते। इसमें अराजक तरीके से खुले स्थानों पर खानपान के बाद पानी के बोतल सहित अन्य कचरे जिस तरह फेंक दिए जाते हैं, वे समूचे पहाड़ी क्षेत्र में आज एक गंभीर समस्या बन चुके हैं। सवाल है कि इससे उपजे प्रदूषण की वजह से वे इलाके कब तक प्राकृतिक रूप से इतने सुंदर रह पाएंगे कि लोग वहां जाने को लालायित हों! इसके अलावा, कुछ खास महीनों में लोगों की बढ़ती भीड़ आज इन खूबसूरत, मगर नाजुक पहाड़ी स्थलों की मुसीबत बनती जा रही है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मनाली, शिमला और नैनीताल जैसे कुछ इलाकों में पहले ही क्षमता से अधिक बोझ है। ऐसी खबरें आ चुकी हैं, जिनमें बताया गया है कि बढ़ती आबादी और पर्यटकों के बोझ की वजह से पहाड़ों पर बसा शिमला धीरे-धीरे धंस रहा है। दरअसल, पहाड़ों की बनावट से लेकर वहां की भू-संरचना एक तय सीमा में ही बोझ को बर्दाश्त करने की स्थिति में है। मगर एक साथ लाखों लोगों और वाहनों के पहुंचने से बने बोझ का असर वहां के नए पहाड़ों पर पड़ता है। फिर पर्यटकों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए पहाड़ों को पहले के मुकाबले ज्यादा काट कर चौड़ी सड़कें बनाई गईं, भारी संख्या में होटल खोले गए। इस सबका असर पहाड़ के ढांचे पर पड़ा है। यह बेवजह नहीं है कि अब आए दिन पहाड़ों के धंसने या भूस्खलन के बड़े मामले सामने आने लगे हैं। शिमला सहित अन्य पहाड़ी इलाकों में लोगों के बोझ की वजह से जमीन धंसने या भूस्खलन की घटनाएं भविष्य का संकेत देने के लिए काफी हैं।

# अवैध गैस की रिफिलिंग का भंडाफोड़, 16 सिलेंडर बरामद

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रशासन और पूर्ति विभाग की टीम ने अवैध रूप से चल रहे गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़ किया है। यहां पर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का काम चल रहा था। टैंपों में गैस किट लगाने का भी भंडाफोड़ किया गया है। फिलहाल गैस किट लगे पांच टैंपो सीज कर दिए गए हैं। उनकी जांच की जा रही है कि उन्हें किट लगाने की परमिशन है या नहीं। टीम ने मौके से 16 सिलेंडर भी जब्त किए हैं। प्रशासन को सूचना मिली थी कमलुवागांजा में नोवा स्टील प्लांट के पास से अवैध रूप से गैस रिफिलिंग प्लांट लगाया गया है। सूचना पर पहुंची प्रशासन



और पूर्ति विभाग की टीम ने मौके पर छापा मार दिया। टीम ने मौके से 16 सिलेंडर बरामद किए हैं। साथ ही टैंपो में गैस किट लगाने का भी भंडाफोड़ हुआ है। पांच टैंपो गैस किट लगे बरामद हुए हैं। उन्हें सीज कर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है। इन टैंपो की जांच की जा रही है कि क्या इनमें गैस लगाने की परमिशन थी या नहीं। टीम ने मौके से कई उपकरण भी बरामद किए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। गैस रिफिलिंग मामले में किसी रज्जी नाम के व्यक्ति का नाम सामने आए हैं। उसकी तलाश की जा रही है। इस मामले में पूर्ति विभाग की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि गैस रिफिलिंग के अवैध कारोबार को किसी भी सूरत में पनपने नीं दिया जाएगा।

# थर्टी फस्ट को लेकर पुलिस अलर्ट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नए साल पर कानून व्यवस्थ को सुदढ़ बनाने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। नए साल के जश्न में खलल न पड़े इसके लिए पुलिस ने पूरी तैयारी की हुई है। एसपी सिटी हरवंश सिंह ने शहर के विभिन्न थाना चौकियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। साथ ही मातहतों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने की हिदायत दी। शनिवार की देर शाम एसपी सिटी हरवंश सिंह ने शहर के अलग-अलग थाना-चौकी क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों का जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने मातहतों को हिदायत दी कि नए साल के जश्न में हुड़दंग



मचाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि जश्न की आड़ में अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखने को कहा। कहा कि अगर कोई हुड़दंग करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एसपी सिटी ने ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिस कर्मियों से बात की। साथ ही गश्त को प्रभावी ढंग से करने को कहा। उन्होंने तिकोनिया तिराहे पर पुलिस टीम को ब्रीफ भी किया। एसपी ने मातहतों को बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में नियिमित गश्त करने के भी निर्देश दिए।

# सर्राफा व्यापारियों ने पुलिस टीम को किया सम्मानित

## पुलिस टीम को पाँच हजार का इनाम भी दिया

सितारगंज(उद संवाददाता)। अन्नपूर्णा ज्वेलर्स में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था जिससे सितारगंज पुलिस ने 10 दिन के भीतर ही बड़ा खुलासा किया है दो मुलजिमों को जेल की सलाखो में भेजब दिया है। जिस पर सर्राफा व्यापारियों ने शाल ओढ़ाकर पुलिस टीम को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस के कार्यों की सराहना की। बता दें 17 दिसंबर की रात को जेल कैंप रोड में अन्नापूर्ण ज्वैलर्स की दुकान काटकर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात चुरा लिए थे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया उनके कब्जे से चोरी गए आभूषण बरामद कर लिए हैं। जबकि एक आरोपी अभी




फरार है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। ज्वेलर्स की दुकान में चोरी का 10 दिन के भीतर खुलासा करने पर शुक्रवार को सराफा एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे उन्होंने चोरी का खुलासा करने वाले कोतवाल की पूरी टीम को सम्मानित किया। बताते चलें सितारगंज नगर में 10 दिन पूर्व हुई चोरी का सितारगंज पुलिस ने दिन रात एक करके खुलासा किया है इसके लिए सितारगंज के व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन की सराहना की है और कहा है कि ऐसा काम सितारगंज पुलिस ने एक अच्छी बहुत मिसाल दी है।

# बाघ के आतंक पर गरमायी सियासत!

## गाली गलौच करने के ऑडियो वायरल होने पर वन मंत्री और भाजपा विधायक कैड़ा ने झाड़ा पल्ला, कांग्रेस ने फॉरेंसिक जांच की मांग

देहरादू/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में बाघ और गुलदारों का आकंत बढ़ता जा रहा है। प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार अब तक वन्यजीवों से सुरक्षा को लेकर ठोस



कार्ययोजना नहीं बना पायी है जबकि हिंसक वन्यजीवों को पकड़ने में भी कड़ मशक्कत करनी पड़ रही है। पिछले दिनों भीमताल में बाघ के हमले से तीन महिलाओं की मौत के बाद प्रदेश के वन महकमे के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल लचर कार्यप्रणाली को लेकर अपने ही दल के विधायक की नाराजगी का शिकार हो गये। विधायक और कथित रूप से प्रदेश के वनमंत्री सुबोध उनियान के बीच हुई बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें हाईकोर्ट के निर्देशों को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की जा रही है। इस बारे में जब वन मंत्री का पक्ष जाना गया तो उन्होंने साफ इनकार किया और कहा कि मेरी आवाज नहीं है और वह हाईकोर्ट का काफी सम्मान करते हैं। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो भीमताल क्षेत्र में बाघ के हमले में तीसरी मौत के बाद इसमें नाराज लोगों से घिरे विधायक राम सिंह कैड़ा फोन का स्पीकर खोलकर सामने वाले से हालात का जिक्र कर रहे हैं। डीएफओ, विभागीय कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए बाघ को आदमखोर घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इसी दौरान हाईकोर्ट के मामले को स्वत: संज्ञान में लेने का जिक्र आता है। फोन पर दूसरी ओर बताए जा रहे वन मंत्री सुबोध सुबोध उनियाल कथित रूप से हाईकोर्ट और याचिकाकर्ता पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते सुने जा रहे हैं। मंत्री ने इस वायरल वीडियो को फेक बताया है । इस बारे में विधायक राम सिंह कैड़ा का कहना है कि हम हाईकोर्ट का सम्मान करते हैं। हम जनता के साथ हैं। उस दिन मंत्री से रात में फोन पर बात हुई थी और उन्होंने क्षेत्र की समस्या को सुना जिसके लिए उनका आभार है। रही बात अमर्यादित शब्द की तो बाघ, तेंदुआ को कहा गया है। लोगों को आडियो बनाने की राजनीति करने के बजाय सहयोग करना चाहिए। वहीं अब विपक्षी दल कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती गरिमा दसौनी ने प्रकरण को लेकर भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि तो क्या भीमताल से भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने ऑडियो वायरल करके मंत्री सुबोध उनियाल की पीठ में छुरा घोंपा था। क्योंकि फोन पर बात तो दो ही लोग कर रहे थे अब मंत्री जी तो अपना ऑडियो वायरल करेंगे नहीं जिसमें वह उच्च न्यायालय को बहुत ही गंदी-गंदी गालियों से सुशोभित कर रहे हैं। फॉरेंसिक जांच होनी बंद हो गई होगी क्या देश में अब माननीय उच्च न्यायालय को स्वत: संज्ञान लेते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

# आपसी संघर्ष में बाघ की मौत

खटीमा(उद संवाददाता)। तराई पूर्वी वन प्रभाग के सुरई वनक्षेत्र में आपसी संघर्ष में एक बाघ की मौत हो गई। बाघ का शव सरपुड़ा के कंपार्टमेंट 42 में मिला। बाघ के शरीर पर पंजे के कई निशान और घाव मिले हैं। सुरई रेंज के सरपुड़ा बीट में बुधवार शाम वन विभाग की टीम को बाघ का शव पड़ा होने की सूचना मिली। बृहस्पतिवार को खटीमा स्थित वन विभाग के विश्राम गृह के पास बाघ का पोस्टमार्टम किया गया। एसडीओ संचिता वर्मा ने बताया कि करीब 12 फुट लंबे बाघ की उम्र 14 वर्ष के आसपास है। यह पेंथेरा टाइग्रिस प्रजाति का बाघ है। बाघ के शरीर में जिस तरह के निशान और गहरे घाव मिले हैं, उससे प्रतीत होता है कि दूसरे बाघ के साथ हुए संघर्ष में इसकी मौत हुई है। मामले



में विभागीय केस दर्ज कर लिया गया है। वहां वन क्षेत्राधिकारी महेश जोशी, आरएस मनराल, एलके लोहनी आदि थे। बाजपुर के केशोवाला से बाजपुर गांव जाने वाले मार्ग पर तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह मार्ग स्थित गन्ने के खेत में मादा तेंदुआ और उसके दो बच्चे दिखाई दिए। इस दहशत की वजह से ग्रामीण गन्ने के छिलाई करने के लिए भी नहीं पहुंचे। बन्नाखेड़ा वन क्षेत्राधिकारी एलएस मर्तोलिया ने बताया कि ऐसी कोई खबर नहीं है। फिर भी वन टीम को भेजकर पड़ताल कराई जाएगी।

# किसानों ने किया धरना प्रदर्शन, आवारा पशुओं का झुंड मंडी में छोड़ा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। आवारा पशुओं के आतंक से परेशान आस पास के सैकड़ों किसानों ने आवारा पशुओं के झुंड को घेरकर कृषि उत्पादन मंडी समिति में छोड़ दिया। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष लखविंदर सिंह लक्खा प्रधान पति बलजीत सिंह के नेतृत्व में ग्राम खेमपुर, नौगजा, पचपेड़ा, कल्याणपुर, के सैकड़ों किसानों ने मंडी समिति के गेट पर धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। किसानों ने आरोप लगाया कि आवारा पशु गेहूं की फसल को खाकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक तो महंगाई की मार दूसरा आवारा जानवरों की मार। कड़ाके की ठंड में किसान रात भर जागकर खेती की रखवाली कर रहा है। खेतों के चारों तरफ कंटीले तार लगाए हैं फिर भी आवारा पशु खेती में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आवारा पशुओं की संख्या इतनी बढ़ गई है कि नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उनका जमघट लगा रहता है। किसान कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से करते आ रहे हैं लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। फसलों को सुरक्षित करने के लिए सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहे हैं। किसानों ने आवारा पशुओं की समस्याओं को हल करने की मांग





प्रशासन से की लेकिन जिम्मेदार इस समस्या का हल खोजने में असफल साबित हुए हैं। सबसे अधिक समस्या उन किसानों को हो रही है जिनके खेत सड़क किनारे हैं क्योंकि आवारा मवेशी रोड पर झुंड बनाकर निकलते हैं और आसपास खड़ी फसलों को चर लेते हैं। आवारा पशु किसानों के साथ ही राहगीरों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। आये दिन इनके कारण लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। वहीं बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गौशाला की मांग की थी। इसके बावजूद भी समस्या का कोई हल नहीं निकला है।

# व्यापार मंडल जिला कार्यकारिणी को दिलाई शपथ





किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला स्तरीय निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान उधम सिंह नगर जिले के तमाम क्षेत्रों से आए निर्वाचित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित हाउस ऑफ हंगर रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, अनुशासन समिति अध्यक्ष गुलशन छाबड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अरोड़ा, जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी की उपस्थिति में जिला स्तरीय पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में रुद्रपुर निवासी विनीत जैन ने जिला कोषाध्यक्ष, सुरमुख सिंह विर्क को जिला उपाध्यक्ष, बलराम अग्रवाल को संयुक्त महामंत्री, गदरपुर निवासी राजेश डाबर ने जिला उपाध्यक्ष, खटीमा के अनिल बत्रा ने उपाध्यक्ष, सितारगंज के सुरेश जैन एवं भीमसेन गर्ग ने उपाध्यक्ष, किच्छा के प्रकाश गोयल को उपाध्यक्ष एवं गदरपुर निवासी लेखराज नागपाल ने संयुक्त महामंत्री की शपथ ग्रहण की। इसके अलावा किच्छा के दानिश एवं साहिल अरोरा ने जिला मंत्री, गदरपुर के जसपाल डोगरा एवं अजय चड्ढा ने जिला मीडिया प्रभारी, शक्तिफार्म के विजय बागला एवं गदरपुर के किशन लाल सुधा ने संगठन महामंत्री की शपथ ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते हुए व्यापारी हितों की रक्षा एवं संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल ने किया। इससे पूर्व व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला एवं महामंत्री विजय अरोड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा सहित अन्य अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर राजकुमार बजाज, गुलशन सिंधी, अशोक मित्रा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## किच्छा में शीघ्र शुरू होगा संगठन का सदस्यता अभियान

किच्छा। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में उधम सिंह नगर जिला इकाई संगठन एवं व्यापारी हित में सराहनीय कार्य कर रही है। किच्छा व्यापार मंडल का कार्यकाल पूरा होने तथा चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष राजकुमार से वार्ता कर चुनाव की रूपरेखा तैयार की जाएगी और जल्द ही सदस्यता अभियान चलाकर चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने कोरोना काल के चलते कार्यकारिणी के करीब डेढ़ वर्ष तक काम ना कर पाने का भी जिक्र करते हुए चुनाव को कुछ समय बाद कराने का भी संकेत दिया।

## बैट्रियों के साथ दो गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। मोबाईल टावर से चोरी की गई बैटरियों सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिवलाल पुत्र दुर्जन लाल निवासी जवाहर नगर पंतनगर सुपरवाइजर इंडस कंपनी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि पिपलिया के पास स्थित मोबाइल टावर से अज्ञात चोरों द्वारा बैटरी चोरी कर ली है। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। अज्ञात चोर व चोरी हुई बैट्रियों की तलाश में लगी पुलिस ने मुखविर की सूचना पर अभियुक्त सुरेंद्र सिंह



उर्फ सोनू पुत्र गुरबख्श सिंह निवासी खटोला न0 2 दिनेशपुर को टावर से चुराई गयी 02 बैट्रियों के साथ धाधा फार्म के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही में उसके द्वारा पहाडगंज रुद्रपुर निवासी फुरकान पुत्र शाहिद को बेची गयी 20 बैट्रियों में से 2 अदद बैट्रियो को उसकी दुकान से बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस टीम मेंउपनिरीक्षक दिनेश चंद्र भट्ट, हेड कांस्टेबल राकेश भट्ट ,कांस्टेबल नीरज जोशी शामिल थे।

## विपिन प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिला संयुक्त महामंत्री मनोनीत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा के सहमति से जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर शक्तिफार्म के विपिन डालमिया को जिला संयुक्त महामंत्री मनोनीत किया। रुद्रपुर रोड किच्छा स्थित हॉउस ऑफ हंगर होटल में



आयोजित शपथ ग्रहण समारोह मे प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। विपिन डालमिया को उधम सिंह नगर जिले के जिला संयुक्त महामंत्री बनाये जाने पर शक्तिफार्म के व्यापारियों में खुशी की लहर है। बधाई देने वालों मे जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंशपाल,कोषाध्यक्ष विनीत जैन, शक्तिफार्म व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, महामंत्री इशू अग्रवाल,कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल व अन्य व्यापारी शामिल थे।

## मरणोपरांत समाजसेवी राजाराम की देह मेडिकल कालेज को सौंपी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी व साहू समाज हल्द्वानी के संस्थापक राजाराम साहू के निधन के पश्चात उनके परिजनों ने स्व. राजाराम के संकल्प को पूरा करते हुए उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल कालेज के सुपुर्द कर दिया गया। उनके निधन पर लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। समाज की इस महान विभूति ने अपनी देहदान कर दी थी। इसलिए उनका पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को सौंप दिया गया। सन 1938 में जन्मे राजा राम उत्तर प्रदेश के इटावा जिले से थे।



उच्च शिक्षा ग्रहण कर उच्च शिक्षा संस्थान में प्रयोगशाला सहायक के पद पर कई विश्वविद्यालयों में सेवा दी। एमबीपीजी हल्द्वानी महाविद्यालय में 1970 से 1995 तक रसायन शास्त्र प्रयोगशाला के प्रभारी रहे। राजा राम साहू ने 28 अप्रैल 1975 को इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर के पास साहू धर्मशाला में साहू समाज की स्थापना की थी। साहू समाज के सर्वप्रथम अध्यक्ष नियुक्त हुए। समाज की विभिन्न रूप में सेवा करते हुए वैश्य समाज के संरक्षक भी रहे ।उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में आजीवन संरक्षक साहू समाज बाबूलाल साहू, संरक्षक दशरथ साहू ,अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू , महामंत्री रामबाबू साहू , कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार, पूर्व पंच प्रमुख राम प्रसाद साहू , पूर्व अध्यक्ष साहू समाज महेश साहू , पूर्व महामंत्री पन्नालाल साहू व सभी परिवारजन मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**अयोध्या में मोदी...**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी का रोड शो शुरू हुआ। पीएम मोदी के स्वागत के लिए सड़कों के दोनों तरफ लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। 'जय राम, श्रीराम' के नारे लगाते हुए लोग फूल बरसाकर पीएम मोदी का स्वागत कर रहे थे। इस दौरान लोग पीएम के रोडशो की तस्वीरें खींचते हुए नजर आए. इस दौरान महिलाएं सड़कों पर नृत्य करती हुई नजर आईं। रोड शो के दौरान सड़क किनारे खड़े लोग किसी भी तरह पीएम मोदी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। पीएम मोदी के स्वागत में विभिन्न लोकनृत्य भी यहां पेश किए गए। पीएम मोदी पूरे रास्ते में लोगों का अभिवादन स्वीकारते नजर आए। लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। रोड शो के बाद पीएम मोदी अयोध्या रेलवे स्टेशन पहुंचे यहां उन्होंने रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने अन्य योजनाओं का भी उदघाटन किया और नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। यहां पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी मौजूद रहे। केंद्रीय रेल मंत्री ने वैष्णव ने पीएम मोदी का रेलवे स्टेशन का मॉडल दिखाया और वहां की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात पीएम वापस एयरपोर्ट पहुंचे यहां एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का मुआयना किया उसके बाद एयरपोर्ट के पास सभा स्थल पहुंचकर लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की।

**भाजपा मंडल अध्यक्ष...**ठेकेदार है। जो हमेशा ही विवादित मामलों में सुर्खियों में भी रहा है। कुछ माह पूर्व लोनिवि में टेंडर प्रक्रिया के दौरान आरोपी ने विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों के सामने टेंडर तक फाड़ डाले थे। इससे पहले गांव की सड़क में घटिया डामरीकरण को लेकर भी आरोपी चर्चाओं में रहा। जानकारी के मुताबिक एक गुट कार्रवाई को लेकर डालता रहा दबाव दुष्कर्म के आरोपी पर कार्रवाई को लेकर जहां राजनैतिक दबाव दिनभर रहा। वहीं मुकदमा दर्ज करने को लेकर पार्टी का ही एक गुट दबी आवाज में कार्रवाई के लिए पुरजोर कोशिश करते रहे। इसके पीछे बीते कुछ सालों में बीडीसी के चुनाव के दौरान की रंजिश भी रही। सूत्रों के मुताबिक यह गुट मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस पर दबाव तक बनाता रहा। दिनभर चम्पावत में इस मामले की चर्चाएं जोरों पर रही। पार्टी के विपक्षी गुट के लोग लगातार एक दूसरे से कार्रवाई का अपडेट लेते रहे। दुष्कर्म की पीड़िता नाबालिग व उसकी मां और परिजन सुबह दस बजे से पहले ही कोतवाली पहुंच गए थे। सूत्र बताते हैं कि पहले तो पुलिस ने समझौते का सुझाव दिया। लेकिन परिजनों के न मानने पर दूसरा पक्ष भी वहां पहुंचा। जिन्होंने काफी देर तक पीड़िता व उसके परिजनों से मामले को दबाने पर बातचीत की। लेकिन शाम पांच बजे तक पुलिस कार्रवाई का आश्वासन देकर पीड़िता व उसके परिजनों को टरकाती रही। पुलिस नेट न चलने और सरवर डाउन का बहाना बनाती रही। वही चंपावत एसपी देवेंद्र पिंचा ने जानकारी देते हुए बताया नाबालिग पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल करवाया जा रहा है जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पुलिस कर्मियों ने ...**तो उन्होंने गाली गलौच करते हुए उसे मारना पीटना शुरू कर दिया तथा जमीन पर पटक दिया। जिससे उसकी आंख सहित शरीर के कई अंगों पर चोटें आ गई। पुलिसकर्मी उसे धमकाते हुए वहां से चले गये। संजय जुनेजा ने कहा कि पूर्व में भी पुलिस कर्मियों द्वारा दुकानदारों से बेवजह मारपीट करने की घटनायें घटित हो चुकी हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने मामले की जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। जिस पर एएसपी श्री कत्याल ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह मामले में शामिल पुलिसकर्मियों का पता लगाकर जांच करायेंगे। किसी व्यापारी का भी उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। घेराव करने वालों में पंकज खुराना, हरीश अरोरा, पवन गावा पल्ली, श्याम खुराना, जसवीर सिंह, प्रताप साहनी, अमरजीत सिंह,अमरदीप सिंह,रामलाल पंडित, जकिंदर साहनी, नरेन्द्र चावला, अमरजीत सिंह आदि शामिल थे।

**पीड़िता से ही...**2 माह पूर्व उक्त युवक उसके घर पर काम के रूपये देने के लिये आया था। उस समय कमरे व मकान पर कोई भी नहीं था। कमरे पर केवल उसकी पुत्री थी। पुत्री को अकेला देखकर उक्त युवक ने पुत्री को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके साथ दुष्कर्म किया एंव अश्लील विडियो बना ली। इस बात के चलते पुत्री काम करने नहीं गयी तो उक्त युवक धमकी देने लगा कि अगर काम पर नहीं आयेगी तो बनाई वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। परिजनों का आरोप है उसी वीडियो की धमकी देकर उक्त युवक ने पुत्री के साथ करवा चौथ के भी कुछ फोटो खीचे और फिर उन फोटो को उसके नाम से फेसबुक पर फेक अकाउंट बनाकर वायरल कर दिए।अब वह उसके छोटे पुत्र को रास्ते में रोक कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उनका कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निरंतर थाना पुलिस के पास जा रहे हैं। लेकिन पुलिस कहती है कि आरोपी को पकड़कर थाने लेकर आओ। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा पुलिस के आलाधिकारी महिला अपराध से जुड़े अपराधों को गंभीरता से लेकर अधिनस्थों को कार्रवाई के सख्त निर्देश दे रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर यहां थाना पुलिस पीड़िता की कोई सुनवाई नहीं कर रही है।

**गदरपुर में पकड़ी...**थे जिसके तहत मुखबिर की सूचना पर अवैध असलाह बनाने की फैक्ट्री का गुप्त सत्यापन किया था। सूचना सत्य होने पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व मे तीन टीमें बनाकर ग्राम आर्यनगर में खेत के किनारे जंगल के पास पाखड के पेडो के नीचे अवैध असलाह बना रहे अभियुक्त मेहर सिंह पुत्र जीवन सिंह निवासी गुलाब का मझरा, थाना केलाखेडा को पुलिस ने पकड़ लिया। इसके पास से अवैध रूप निर्मित भारी मात्रा मे अवैध हथियार को बनाने के उपकरण बरामद किये गये। छानबीन में पता चला कि पकडा गया अभियुक्त मेहर सिह शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है जिसका अच्छा खासी आपराधिक इतिहास है। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह एवं उसका पुत्र महेन्द्र तथा बुआ का लडका दर्शन सिंह पुत्र इन्द्र सिह मिलकर अवैध असलाह बनाने का काम करते हैं । दर्शन सिंह असलाह बनाने मे उसका पार्टनर है । जबकि बेटा महेन्द्र सिह अवैध तंमचों/देशी बन्दूको को बनाकर ग्राहकों को बेचता है। अवैध अवसलहों को रामपुर, रुद्रपुर , किच्छा , हल्द्वानी, बाजपुर , कालाढूंगी आदि स्थानों में 5-5 हजार रुपये प्रति तमंचे के से हिसाब से बेचते है। पुलिस मुख्य आरोपी मेहर सिंह को 4 तंमचे 315 बोर, 4 तंमचे 12 बोर, एक देशी रिवाल्वर .32 बोर, 2 देशी बन्दूक 12 बोर, 8 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 4 अदद 12 बोर के जिन्दा कारतूस , अस्लहा बनाने के उपकरणों आदि के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके पुत्र और रिश्तेदार को पुलिस तलाश कर रही है। तीनों के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। एसएसपी ने बताया कि पकडे गये मेहर सिंह और फरार अभियुक्तों के खिलाफ गदरपुर और थाना केलाखेड़ा में कई मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को ढाई हजार रूपये ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिह रंसवाल, ,राकेश कठायत, कांस्टेबल जीवन फुलेरा ,गोरखनाथ , इरशाद उल्ला,कैलाश मनराल,बलवन्त सिंह,दर्शन सिंह ,कुन्दन सिंह, प्रकाश टम्टा आदि शामिल थे।

**एक्ट में बदलाव पर...**ट्रक चालकों द्वारा एमबी एक्ट के प्रावधानों में बदलाव को लेकर के सांकेतिक जाम लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। जाम लगा रहे भारी ट्रक चालकों का कहना था कि सरकार द्वारा मोटर वाहन एक्ट में जो प्रावधान किया गया है। वह धरातल पर सार्थक नहीं हो सकता इसमें वाहन चालकों का अहित है। जाम लगा रहे चालकों का कहना था कि एक्ट में जो सजा का प्रावधान किया गया है उसके अनुसार वाहन चालक को 10 वर्ष की सजा रखी गई है जबकि वाहन चालक द्वारा यदि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को ले जाने का प्रयास किया जाता है तो भीड़ द्वारा वाहन चालक पर भी जानलेवा हमला बोलने का डर बना रहता है जिसकी घटनाएं घटित होती रहती हैं। चालकों का कहना है कि सजा के प्रावधानों में बदलाव किया जाना चाहिए ताकि वाहन चालकों के हित भी सुरक्षित रह सके। सांकेतिक रूप सड़क पर प्रदर्शन करने वालों में सुरेश गंगवार, हर्षपाल, अनमोल, राजदीप, अवनीश कुमार, अनमोल शर्मा, अनमोल शर्मा, हिमांशु, सरस पाल, आकाश मजूमदार आदि लोग मौजूद थे।

**ट्रेन में महिला...**बैग उठाकर ऊपर वाली बर्थ में रख दिया। काशीपुर में वे लोग उतर गए। जब उसे बैग चौक किया तो उसमें रखी एक लाख रूपए की नगदी गायब थी। महिला ने नगदी वापास दिलाने की गुहार पुलिस से लगाई है।

**रोजगारोन्मुखी...**सकेंगे साथ ही इससे वे सभी रोजगार भी हासिल कर सकेंगे और जरूर पड़ने पर अपना कारोबार भी शुरू कर सकने में सक्षम होंगे ।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में बच्चों के विभिन्न कौशल एवं दक्षता विकास पर विशेष बल दिया गया है और उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में समय रहते अपने कदम आगे बढ़ा दिए हैं।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उधम सिंह नगर टीम बनी सीनियर स्टेट मिनी गोल्फ चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में दो दिवसीय प्रथम सीनियर स्टेट मिनी गोल्फ चैंपियनशिप 2023 के फाइनल मैच स्थानीय राजकीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मिनी गोल्फ कोर्स में खेले गए। फाइनल मैचों में जनपद हरिद्वार, नैनीताल , चंपावत, पिथौरागढ़ अल्मोड़ा, उधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने महिला एवम पुरुष वर्ग में सिंगल, डबल एवम टीम इवेंट में प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप के फाइनल मेंच का मुख्य अतिथि प्रो. डीसी पंत ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा की मिनी गोल्फ खेल के खिलाड़ी लगातार खेल में राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले राष्ट्रीय गेम जो उत्तराखंड में आयोजित होने है उसमें हमारे प्रदेश के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।चौंपियनशिप के महिला वर्ग में जनपद ऊधम सिंह नगर की टीम ने प्रथम एवम जनपद नैनीताल की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में जनपद ऊधम सिंह नगर की टीम ने प्रथम एवम जनपद नैनीताल की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। संघ के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त चौंपियनशिप मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्वीकृत है। मुकाबले में सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किए है। महिला वर्ग में सिंगल इवेंट में ऊधम सिंह नगर की कशिश शर्मा ने स्वर्ण एवम नैनीताल की कामिनी एवम हरिद्वार की समृद्धि ने रजत पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग के डबल इवेंट में जनपद ऊधम सिंह नगर की प्रगति दुमका और पायल दानू ने स्वर्ण पदक एवम नैनीताल के दिया महर और वैशाली पांडेय ने रजत पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग के टीम इवेंट मुकाबले में जनपद नैनीताल की खिलाड़ियों वैशाली पांडेय, दिया उप्रेती, स्वेता भाकुनी, पलक ने स्वर्ण पदक एवम महाविद्यालय रुद्रपुर की टीम शिवानी शर्मा, सुनैना, अंजली गंगवार ने रजत पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग के सिंगल इवेंट में जनपद नैनीताल के चेतन भट्ट ने स्वर्ण पदक एवम जनपद हरिद्वार के शिखर ने रजत पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग डबल इवेंट में जनपद ऊधम सिंह नगर के अभय बिष्ट और योगेश पांडेय ने स्वर्ण पदक एवम जनपद नैनीतल के चेतन सिंह बिष्ट एवम विशाल बिष्ट ने रजत पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग के टीम इवेंट मैच में जनपद ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ी हरनूर, सूरज, यश, तेजस्वी, लोकेश शाह और मनदीप सिंह ने स्वर्ण पदक एवम जनपद अल्मोड़ा के खिलाड़ियों संजय भट्ट, दिव्यांश सिंह बिष्ट, तुषार भंडारी,और मयंक ने रजत पदक प्राप्त किया। चौंपियनशिप के आयोजक डॉ राजेश कुमार ने बताया उक्त चौंपियनशिप के पश्चात विशेष प्रशिक्षण शिविर हेतु 15 महिला एवम पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। जिनको अंतिम चयन के बाद मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो नागपुर में जनवरी अंतिम सप्ताह में आयोजित होनी है हेतु भेजा जाएगा। संघ के सचिव डॉ राहुल चंद्र ने मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के समस्त पदाधिकारियों, महाविद्यालय रुद्रपुर एवं आये हुए समस्त खिलाड़ियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिजीत सिंह, उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह, टेक्निकल कमेटी अध्यक्ष किशोर भगत, उपसचिव अंकुश रौतेला, डॉ. संतोष कुमार, भूपेश दुमका, अरुण बुगानी, प्रगति दुमका, योगेश पांडे, चेतन भट्ट तथा अनेकों खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# आरएएन पब्लिक स्कूल में विंटर कार्निवाल की धूम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आर.ए. एन पब्लिक स्कूल में वर्ष 2024 की पूर्व संध्या पर उत्साहित बच्चों की मौज मस्ती को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के प्रांगण में सामूहिक रूप से विंटर कार्निवल मनाया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय एवं विद्यालय प्रबंधक श्रीमान मोहित राय ने फीता काटकर किया। कार्निवल के मुख्य आकर्षण थे- डीजे संगीत और नृत्य, भाग्यशाली कॉर्नर, लकी ड्रा में बच्चों ने भिन्न-भिन्न पुरस्कार जीते जैसे की टैबलेट, साइकिल, ब्लूटूथ स्पीकर, ट्रैकसूट तथा अनेक उपहारों के साथ, खेलकूद में लक्ष्य पर निशाना लगाना, बोलिंग खेल, चॉकलेट व्हील पर दौड़ते बच्चों का उत्साह देखते ही बन पड़ता था। बर्गर, सैंडविच, मंचूरियन, फ्राइड राइस, आइस क्रीम, पिज्जा आदि की स्टॉल पर बढी रौनक ने विद्यालय प्रांगण को प्रफुल्लित कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी को उत्साहित मन से जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए नव वर्ष की मंगल कामनाएं दी। इस प्रकार मौज मस्ती, दौड़ते भागते, नाचते गाते, खाते पीते, हंसते-हंसाते हर्षोल्लास भरे वातावरण में विद्यालय का शीतकालीन मस्ती भरा (उत्सव) विंटर कार्निवल संपन्न हुआ। इस सुअवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय, भूरारानी विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट, डिबडिबा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा एवं समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।





# गौ रक्षा दल ने दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता का किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गौ रक्षा दल के अध्यक्ष विराट आर्या के नेतृत्व में उनकी टीम के द्वारा मत्स्य पालक विकास अभिकरण के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता का उनके निवास पहुंच कर उनका स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान गौ रक्षा दल के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तम दत्ता को सरकार में दायित्व



दिय जाने से लोगो में खुशी की लहर है। उत्तम दत्ता को दर्जा राज्य मंत्री बनने से हर वर्ग के लोगों को खुशी है। इस दौरान सभी ने मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भाजपा प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विराट आर्य, के के त्रिपाठी, शिवम राय, मुकेश राठौर, हरीश मौर्य, अमर सिंह राठौर, सुदीप मन्नू यादव आदि रहे।

# खेलों के जरिए युवा बना सकते हैं उज्जवल भविष्य: दत्ता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मनोज सरकार स्टेडियम में 6 वीं शहीद उधम सिंह ओपन कराटे प्रतियोगिता में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में वहां पहुंचे जहां पुष्प वर्षा एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान कराटे एसोसिएशन के महासचिव लक्ष्मण सिंह ने उनकी अगवानी की। दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सदैव खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं जिसको लेकर आज गांव-गांव से खेल प्रतिभाएं निकलकर सामने आ रही हैं और राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं । दर्जा राज्य मंत्री श्री दत्ता ने कहा कि खेल के जरिए युवा अपना भविष्य बना सकते हैं।



पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेलों का भी विशेष महत्व है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। दर्जा राज्य मंत्री दत्ता ने कहा यदि खिलाड़ियों को अपनी कोई समस्या या सुझाव सरकार को देने हैं तो वह उनकी बात सरकार तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर वीरेंद्र राठौर, संतोष बिष्ट, योगेश चंद्र पोखरिया, घनिष्ट मिश्रा, कृष्णकांत कौशल, गगनप्रीत सिंह, नीलम मेहरा, सुमन बोहरा,जशनप्रीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, भावना कन्याल, हरदीप सिंह, अनुज गंगवार, बलविंदर सिंह,सपन मंडल आदि लोग मौजूद रहे।

# अक्षत कलश हल्द्वानी पहुंचा, शोभा यात्रा निकाली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या से पूजित अक्षत कलश गत दिवस यहां पहुंचा। नगर की सभी बस्तियों में अक्षत वितरण करने हेतु भेजा गया। बस्ती राजपुरा में शिव मंदिर में विराजमान श्री हनुमान मंदिर में पूजित अक्षत कलश को रखा गया और वहीं से पूजित अक्षत कलश को शोभायात्रा के रूप में क्षेत्र में घुमाया गया। कार्यक्रम पूजित अक्षत कलश बस्ती प्रमुख रविंद्र बाली के नेतृत्व में किया गया। शोभा यात्रा कार्यक्रम का प्रारंभ तहसील प्रचारक संजीव ने नारियल फोड़ कर किया। शोभा यात्रा में सैकड़ों मातृशक्ति एवं राम भक्तों ने भाग लिया और जय श्री राम के जयघोषों से पूरा समा बना दिया। शोभा यात्रा में आरएसएस के शील निधी त्रिपाठी, नन्दन, सह प्रमुख अक्षत



वितरण हितेश चंद्र शर्मा, राधेश्याम रावत, प्रकाश हरबोला शैलेंद्र बाली, वीरेंद्र जायसवाल, नंद किशोर आर्य, जानकी कश्यप, मनीष पाल, संजय कुमार, रीना बाली, अंजू बाली, पवन साहू, भुवन आर्य, दीपा महेश्वरी, सोनू शर्मा, नीतीश कुमार, पंकज कुमार, पूरन आर्य, ऋषि जैन, दीप्ति, प्रतिभा जोशी, पुष्पा, भगवती देवी, राखी शर्मा, दुर्गा देवी व सैकड़ो मातृशक्ति उपस्थिति रही।

# नव वर्ष के उपलक्ष्य में बालाजी का विशाल दरबार एवं भंडारा एक जनवरी को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से नव वर्ष का स्वागत इस बार भी श्री बालाजी महाराज का गुणगान करके किया जायेगा।



इस अवसर पर दिनेशपुर स्थित श्री बालाजी मंदिर में बालाजी महाराज का भव्य चोला श्रृंगार होगा। तत्पश्चात भव्य दरबार सजेगा और दिन भर विशाल भंडारा होगा। जानकारी देते हुए बाबा भक्त गौरव अग्रवाल ने बताया कि महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष के पहले दिन दिनेशपुर स्थित बालाजी मंदिर में मण्डल की ओर से बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया जायेगा। सर्वप्रथम सुबह बाबा का स्वर्ण चोला श्रृंगार होगा। बालाजी महाराज को छप्पन भोग लगाये जायेंगे साथ ही विशाल भंडारा भी आयोजित होगा। दिन भर बालाजी दरबार में श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया जायेगा। उन्होंने श्री बाबा भक्तों से दरबार में बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचने का आहवान किया है।

# एसटीपी प्लांटों का निर्माण समय पर पूरा करें: डीएम

## एसटीपी निर्माण से सम्बन्धित विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम के अभियंताओं को निर्देश दिये कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बन रहे सभी 9 एसटीपी प्लान्ट का निर्माण सयमबद्धता एवं गुणवत्ता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एसटीपी निर्माण से सम्बन्धित विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में नदियों की विशेष परिस्थितियों के कारण बाढ़ प्रभावित एवं बाढ़ संभावित क्षेत्रों का डाटा संकलित करने निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने जनपद में



नदियों में अवैध खनन संभावित क्षेत्र तथा अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर अब तक हुई सम्पूर्ण कार्यवाही का डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने नगर निगम तथा नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में पुराना लीगेसी वेस्ट पड़ा हो, उन क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये और पुराने कूड़े के निस्तारण की वर्तमान स्थिति के बारे में भी अवगत कराये जाने के साथ ही सीवेज जनरेशन तथा निस्तारण की स्थिति से भी अवगत कराया जाये। उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले सोलिड एवं लिक्विड वेस्ट आदि के निस्तारण के बारे में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में डीएफओ हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।